# ब्रह्मपुर के प्रभु उपहार रिट्रीट सेंटर मे मीडिया सम्मेलन का आयोजन

ब्रह्मपुर -११ दिसंबर: प्रजापिता ब्रह्माकुमारीस् ईश्वरीय विश्व विद्यालय, प्रभु उपहार रिट्रीट सेंटर में 'समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए मुल्यनिष्ठ मीडिया' बिषय पर मीडिया सेमीनार  का आयोजन  किया गया ।

ब्रह्मपुर विश्व विद्यालय के जन संचार माध्यम प्रभाग  के मुख्य तथा पी.जी. काउसिंल चेयरमैन भ्राता प्रोफेसर डॉ.  जयराम प्रधान मुख्य अतिथी के रूप में दीप प्रज्ज्वलन द्वारा इस कार्यक्रम का उदघाटन किया । उन्होने अपने वक्तव्य मे कहा कि आज के बैज्ञानिक युग में  हम इन्टर्नेट से सेकण्ड में एक कोने से दुसरे कोने तक भले सूचना पहुंचा सकता है, लेकिन आज हम अपने को न पहचानने के कारण अपने मन की शान्ति, प्रेम, आनन्द खोकर निराश हो गये हैं । इसलिए उपरोक्त मुल्यों को पुनः अनुभव करने के लिए अपने को मुल्य संपन्न बनाना बहुत जरूरी है ।

ब्रह्माकुमारीस के मीडिया प्रभाग के रास्ट्रीय संयोजक राजयोगी बी. के. सुशांत मुख्य वक्ता के रूप मे भाग लेते हुए आलोच्य विषय पर स्पष्ट करते हुए कहा कि समाज मे जिस प्रकार नकारात्मक्ता और भेदभाव,  राग-द्वेष, हिंसा आदि बढ़ता जा रहा है वह सिर्फ हमारे अंतर में असामंजस्यता तथा द्वंद विचार को पैदा करता है । इसलिए अपने अंतर मन के चिंतन को नियंत्रण करने हेतु आत्म चिंतन तथा परमात्म चिंतन से अंदर की शुभभावना को बढ़ाए ।

मीडिया प्रभाग के मुख्य संयोजक भ्राता बी.के. शांतनु ने समाज कल्याण में ब्रह्माकुमारीस का मुख्य अवदान पर प्रकाश डालते हुए शांति, प्रेम, सदभाव आदि मानवीय मूल्यों पर स्पष्ट किया । उन्होंने कहा कि मीडिया समाज मे व्याप्त नकारात्मक्ता, अश्लीलता,  भोगवाद, हिंसा तथा अपसंस्कृति का अनुचित प्रचार-प्रसार न कर समस्या का समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त करें तथा समन्वयता एवम् समरसता का वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करें । इस के लिए आध्यात्मिक ज्ञान तथा राजयोग के अभ्यास वर्तमान समय मानव समाज के लिए अति जरूरी है ।

माउंट आबु के पीस आफ माइंड चैनल मे प्रसारित पीस न्यूज के संपादक भ्राता बी.के. कोमल सम्माननीत अतिथी के रूप मे योग देते हुए कहा कि हम जो भी कार्य करते है उससे आत्म शक्ति घटती है । लेकिन आत्म चिंतन से आत्मशक्ति बढ़ती है । इसलिए सब से पहले जन संचार माध्यम को अपने विचार के परिवर्तन द्वारा लेखनी मे परिवर्तन लाने से एक मुल्यनिष्ठ समाज जरूर स्थापन होगा ।

हैदराबाद के ग्लोवल फोरम के पाब्लिक रिलेशन के प्रमुख बी.के. सरला आनंद सम्माननीत अतिथी के रूप मे कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्थंभ है मीडिया । इसलिए हमे अपने अन्तर्मन से सुविचार द्वारा समाज को एक सकारात्मक संदेश दे ।

ब्रह्मपुर सब जोन के प्रभारी बी.के. मंजु बहन अपने आशिर्वचन मे कहा कि समाज को सकारात्मक बनाना हमारे उपर निर्भर है । ब्रह्मपुर सबजोन के सह संचालिका बी.के. माला बहन ने मंच सञ्चालन किया तथा बी.के. प्रभाति बहन राजयोग के अभ्यास द्वारा सभी को शांति, प्रेम का अनुभव कराया ।